एक नजर में

## ध्यान-साधना शिविर का आयोजन आज से



**इंदौर.** श्रीराम जन्मभूमि न्यास अयोध्या के सदस्य एवं आचार्य महामंडलेश्वर युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि महाराज के सानिध्य में 21 जुलाई से खंडवा रोड स्थित अखंड परम धाम आश्रम पर ध्यान-साधना शिविर का आयोजन होगा. युगपुरुष स्वामी परमानंद महाराजा आज शाम को सड़क मार्ग से इंदौर पधारे. शिविर में अमेरिका, आस्ट्रेलिया सहित देश-विदेश के अनेक साधक भागीदार बनेंगे. अखंड परमधाम सेवा समिति के अध्यक्ष किशनलाल पाहवा, श्यामलाल मक्कड़, विजय शादीजा एवं रामबाबू अग्रवाल ने बताया कि खंडवा रोड आश्रम पर आयोजित योग-ध्यान साधना शिविर में अनेक धार्मिक, सामाजिक सगंठनों के पदाधिकारी भी शामिल होंगे. शिविर में बाहर से आने वाले साधकों के आवास एवं भोजन की व्यवस्था भी आश्रम पर उपलब्ध रहेगी. युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि महाराज रविवार की शाम को भोपाल से इंदौर पधारे. खंडवा रोड स्थित आश्रम पर साध्वी चैतन्य सिंधु, आश्रम समिति के पदाधिकारियों और उनके शिष्यों ने उनके साथ आए हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद गिरि एवं साध्वी दिव्य चेतना गिरिजी का भी गरिमापूर्ण स्वागत किया. खंडवा रोड आश्रम स्थित परमानंद सभागृह पर 21 से 27 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक और संध्या 5 से 7 बजे तक आयोजित होगा. आश्रम की संयोजक साध्वी चैतन्य सिंधु के अनुसार आश्रम स्थित परमानंद गो धाम गोशाला के विकास कार्य का भूमि पूजन 25 जुलाई को सुबह 9 बजे युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि के सानिध्य में होगा.

## जीव कल्याण के लिए 250 घोंसले लगवाए



**इंदौर.** जैन श्वेतांबर महिला संघ रेस कोर्स रोड, संस्था पहल द्वारा वर्तमान में चिड़िया की घटती जनसंख्या और रहने के स्थान की कमी को देखते हुए उनको सुरक्षित आशियाना उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की दृष्टि से जीव कल्याण के सार्थक संकल्प के साथ 250 आकर्षक और सुरक्षित घोसला बनाकर घर पर लगाने का कार्य किया. डॉ. प्रकाश बागानी की अध्यक्षता तथा पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया एवं केंद्रीय महिला संघ की संस्थापक अध्यक्षा रेखा जैन तथा वर्तमान अध्यक्षा विजया जैन के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम किया गया. स्वागत ग्रुप की अध्यक्षा मीना चौरडिया ने किया. स्मिता जैन ने संचालन किया.

## छात्रा अर्चा स्वर्ण पदक से सम्मानित

**इंदौर.** नरसी मुंजी इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट में एमएमबी फ़ाइनेंस की शाखा में इंदौर की छात्रा अर्चा झालनी ने 2023-2025 की बैच में प्रवीणता प्राप्त कर पूरे देश के विद्यार्थियों में सर्वश्रेठ प्रदर्शन करने पर स्वर्ण पदक पाकर शहर का नाम भी गौरवान्वित हुआ. हाल ही में महाविद्यालय के अंतर्गत अंतराष्ट्रीय पाठ्यक्रम हेतु इन्दौर से फ्रांस में भी इकोले डी मैनेजमेंट ग्रेनोबॉल इंस्टीच्यू में प्रवीणता हासिल की.



फ्रांस से इंदौर आने पर नरसी मुंजी इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट संस्था द्वारा अर्चा झालानी को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया. उक्त अवसर पर डॉ. भरत शर्मा - सदस्य, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार और वरिष्ठ शिक्षाविद और निजी महाविद्यालय प्राचार्य संघ के अध्यक्ष डॉ. राजीव झालानी ने मेडल पहनाकर छात्रा को बधाई दी. डॉ शर्मा ने कहा कि भारत की आधारशिला आज के युवा पर निर्भर है और ऐसे छात्र हमारे देश के गौरव है. डॉ झालानी ने कहा कि विकसित भारत को विश्वस्तर पर पहचान देने का काम आज का युवा नेतृत्व कर रहा है. उक्त अवसर पर संस्था के रजिस्ट्रार गौरव मोघे और प्रो. निरंजन शास्त्री ने भी संस्था की तरफ़ से बधाई प्रेषित की.

## हमेशा आदर वाचक शब्दों की वाणी बोलना चाहिए



**इंदौर.** कैसा हो हमारा परिवार आज के विषय पर प्रवचन में बोलते हुए उप प्रवर्तक श्रुतमुनि महाराज ने कहा कि हमारी पांचो उंगलियां बराबर नहीं है. इस प्रकार परिवार में हर सदस्य एक विचार के नहीं हो सकते हैं. जैसे हमारी पांचो उंगलियों के अलग-अलग काम है. उसके बाद भी जब उंगलियां एकजुट होकर मुट्ठी बना लेती है तो उसे ताकत कई गुना बढ़ जाती है. इस प्रकार परिवार के हर सदस्य अलग-अलग विचारों भिन्न-भिन्न रहन-सहन होने के बावजूद परिवार की एकता संगठन के रूप में आ जाती है, तो वह परिवार सर्वशक्तिमान बन जाता है. परिवार में वाणी डोर का काम करती है. वाणी की डोर से जो परिवार बंधा रहता है वह सुखी परिवार कहलाता है. हमेशा आदर वाचक शब्दों की वाणी बोलना चाहिए. तपस्वी अक्षर मुनि महाराज ने कहा कि आज के समय में परिवार में एक दूसरे के प्रति मानवता और श्रद्धा आ जाए और परिवारजन संयम से व्यवहार करें उससे बड़ा कोई सुख नहीं है. परिवार में अहंकार की भावना मत आने दो. कटुता और भेदभाव को मत आने दो इससे परिवार में बिखराव की स्तिथि बन सकती है. आज धर्मसभा में उपप्रवर्तक श्रुतमुनि महाराज की सांसारिक पूज्य वीर माता कंचन बाई सुभाष चंद लोढा का संघ की और बहुमान किया गया. संघ के महामंत्री रमेश भंडारी ने कहा कि हम गौरवान्वित है पूज्य श्रुतमुनि महाराज की सांसारिक वीर माता जिन्होंने अपने लाल को जिन शासन की सेवा में समर्पित किया उनका बहुमान करने का सौभाग्य मिला. धर्मसभा का संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया. आभार हेमंत बोहरा ने व्यक्त किया.

## नई बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज़ ग्रैन कूपे भारत में लॉन्च

**इंदौर.** भारत में न्यू बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज़ ग्रैन कूपे लॉन्च हो गई है. बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई में स्थानीय रूप से निर्मित सेकंड-जेनरेशन बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज़ ग्रैन कूपे भारत में सिर्फ पेट्रोल पावरट्रेन में उपलब्ध होगी. ग्राहक इसे देशभर के सभी बीएमडब्ल्यू डीलरशिप्स पर बुक कर सकते हैं, और इसकी डिलीवरी आज से शुरू हो गई है. विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट और सीईओ बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा, न्यू बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज़ ग्रैन कूपे जहां भी जाती है, अपने स्पोर्टी सिल्हूट और बोल्ड डिज़ाइन से सभी का ध्यान खींचती है. इसके एक्सटीरियर और इंटीरियर में दी गई लग्ज़री फिनिश और एटीट्यूड इसे बेहद स्टाइलिश बनाते हैं. यह एक ऐसी कार है जो न सिर्फ अपने ड्राइवर की पर्सनैलिटी को दर्शाती है, बल्कि उसे और निखारती है. नई जनरेश की बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज ग्रैन कूपे शहरी युवा ग्राहकों की पहली पसंद बनने के लिए तैयार है, जो स्टाइल और गुणवत्ता दोनों की तलाश में हैं. यह लगातार वही करता आ रहा है जिसमें वह माहिर है-पुरानी सोच को चुनौती देना, उम्मीदों को नया आकार देना और अपने बेजोड़ अंदाज़ से आगे बढ़ना.

# नि :शुल्क लर्निंग लाइसेंस शिविर में उमड़ी महिलाओं की भीड़

- 21 हजार से ज्यादा महिलाएं पहुंची लर्निंग लाइसेंस बनवाने
- एक ही दिन में 10 हजार से ज्यादा महिलाओं के लाइसेंस बने

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम के नि:शुल्क लर्निंग लाइसेंस शिविर में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी. स्थिति यह हो गई है कि तय समय के बजाय शाम 6 बजे तक आवेदन लेना पड़े. इतना ही नहीं 10 हजार महिलाओं के लाइसेंस जारी करने के बाद 11 हजार महिलाओं के आवेदन पर लाइसेंस जारी नहीं हो सके हैं. दो दिन में परिवहन विभाग लर्निंग लाइसेंस बनाकर देगा.**

इंदौर नगर निगम और परिवहन विभाग संयुक्त ट्रैफिक मित्र अभियान के तहत शहर के 22 झोनल कार्यालय पर महिलाओं के लिए निशुल्क लर्निंग लाइसेंस ट्रैफिक शक्ति शिविर लगाया गया था. शिविर का समय सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक रखा गया था. उक्त शिविर में लर्निंग लाइसेंस बनाना नि:शुल्क होने कारण झोनल कार्यालयों पर महिलाओं और लड़कियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. स्थिति यह हो गई कि दोपहर 2 बजे के स्थान पर निगम और परिवहन विभाग को समय शाम 6 बजे तक करना पड़ा. इसके बावजूद परिवहन विभाग पूरे लाइसेंस जारी नहीं कर सका. भीड़ को देखते हुए निगम और परिवहन विभाग ने सभी के आवेदन लेकर रख लिए है. आज करीब 10 हजार महिलाओं के लर्निंग लाइसेंस जारी किए गए है. शेष 11 हजार महिलाओं के लर्निंग लाइसेंस परिवहन विभाग दस्तावेज जांच के बाद दो दिन में जारी करेगा. महापौर पुष्यमित्र भार्गव के निर्देश पर आयोजित शिविर में महिलाओं को आधार कार्ड और उससे लिंक मोबाइल नंबर के साथ दस्तावेज़ों के आधार पर दोपहिया गियर व बिना गियर और चार पहिया वाहनों के नि:शुल्क लर्निंग लाइसेंस जारी किए गए है। शिविर के दौरान महिलाओं को ट्रैफिक नियमों, सड़क सुरक्षा और लर्निंग टेस्ट की तैयारी से संबंधित जानकारी भी दी गई.



### बेटियां और महिलाए अनुशासित नागरिक बन रही

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि यह अभियान केवल लाइसेंस बनवाने की पहल नहीं है, बल्कि महिलाओं को आत्मविश्वास और बराबरी के साथ सड़क पर उतरने का अवसर देने का संकल्प है . शहर की बेटियां और महिलाएं सुरक्षित, आत्मनिर्भर और ट्रैफिक अनुशासित नागरिक बन रही हैं .

### सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है

शिविर कोऑर्डिनेटर ऋषभ बागोरा ने बताया कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु की सभी महिलाओं के लिए पूरी तरह नि :शुल्क था . हमारा उद्देश्य न केवल ड्राइविंग की क्षमता देना है, बल्कि ट्रैफिक अनुशासन और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ाना है. शिविर में सांसद शंकर लालवानी, विधायक रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, महेंद्र हार्डिया, महापौर परिषद के सदस्य, पार्षदगण, ट्रैफिक मित्र टीम और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा.



## शिव शक्ति मिलन महोत्सव का शुभारंभ

नव भारत न्यूज

**इंदौर. विजयनगर स्थित श्री ग्वाल भैरव कालका माता मंदिर में तीन दिवसीय श्री शिव शक्ति मिलन महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ. शुरुआत हनुमंत ध्वज पथक द्वारा ध्वजा पूजन एवं दीपोत्सव से की गई. इसमे 1100 कांच के ग्लास में दीप प्रज्वलित किए गए.**

मंदिर के मुख्य पुजारी राहुल यादव ने बताया कि यह आयोजन मंदिर का एक परंपरागत उत्सव है. जिसकी सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं. महोत्सव के तीनों दिन विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से मंदिर परिसर भक्तिमय रहेगा. 21 जुलाई को रात्रि को मंदिर परिसर में भजन संध्या एवं हल्दी-मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन होगा. इस दौरान महामाई को हल्दी मेहंदी अर्पित की जाएगी. महोत्सव का प्रमुख आकर्षण 22 जुलाई को आयोजित होने वाली भव्य पालकी यात्रा है. इस दौरान बाबा महाकाल चन्द्रमौलेश्वर स्वरूप में पालकी में विराजित होंगे, वहीं मनमहेश स्वरूप हाथी पर और उमामहेश स्वरूप बेलगाड़ी में भक्तों को दिव्य दर्शन देंगे. यात्रा का शुभारंभ दोपहर 4 बजे अनूप टॉकीज़ चौराहे से होगा और शाम 8 बजे श्री कालका धाम (ग्वाल भैरव कालका माता मंदिर) में समापन होगा.

## अहिल्या उत्सव में कई रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन, पालकी यात्रा 22 अगस्त को

**इंदौर. देवी अहिल्याबाई की 230 वीं पुण्यतिथि पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. अहिल्याबाई की पुण्यतिथि 22 अगस्त पर विभिन्न आयोजनों के साथ पालकी यात्रा भी धूमधाम से निकाल जाएगी.**



श्री अहिल्योत्सव समिति की अध्यक्ष एवं पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन, सचिव सरयू वाघमारे एवं रामस्वरूप मूंदडा ने बताया कि समिति के आयोजनों में 23 जुलाई को वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन इल्वा स्कूल पर किया गया है. 25 जुलाई को संस्कृत श्लोक पाठ प्रतियोगिता इंदिरा विद्या मंदिर मानिक बाग रोड पर होगी. 27 जुलाई को वीरों की कहानी बच्चों की जुबानी प्रतियोगिता तीन स्थानों पर संपन्न होगी. 31 जुलाई को वृक्तत्व प्रतियोगिता तथा 2 और 3 अगस्त को खुली भजन प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। इसी तरह 6 अगस्त को लोक नृत्य प्रतियोगिता भी इस परंपरागत कार्यक्रमों का हिस्सा होगी. समिति के सुधीर देडगे, सुधीर दांडेकर एवं ज्योति तोमर ने बताया कि देवी अहिल्याबाई की 230 वीं पुण्यतिथि इस वर्ष 22 अगस्त को है. इस दिन प्रात:काल अहिल्याबाई का प्रतिमा पूजन से लेकर दिनभर आयोजनों का सिलसिला चलता रहेगा. शाम 5 बजे गांधी हाल से भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी जो महात्मा गांधी मार्ग, नंदलालपुरा, जवाहर मार्ग होते हुए गोपाल मंदिर पहुंचेगी. हर वर्ष की तरह पालकी यात्रा लाव लश्कर, विभिन्न अखाड़े एवं झांकियों के साथ निकलेगी.

# माताएं बच्चों को घर का पौष्टिक खाना खिलाएं : विजयवर्गीय

- मंत्री ने दी विधानसभा एक को करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की दी सौगात
- इंदौर को स्वच्छता का सिरमौर बनाने वाले सफाई मित्रों का किया सम्मान

**इंदौर. जनता की सेवा ईश्वर की सेवा के समान है और जनता साक्षात ईश्वर का स्वरूप है इसलिए हम सदैव जनसेवा में लगे रहते हैं. इससे ईश्वर की सेवा के फल के समान फल हमें प्राप्त हो जाता है.**

यह बात नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कही. नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय के साथ विधानसभा क्षेत्र 1 के वार्ड 4 में 6 करोड़ से अधिक की लागत के 21 विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया. साथ ही विधानसभा 1 के बगीचों में लगाने के लिए ढाई करोड़ से अधिक की लागत के ओपन जिम सेट और झूले-चकरी दिए गए. मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि एक समय 100 में से 5 बच्चों को चश्मा लगता था, लेकिन अब 100 में से 30 बच्चों को चश्मा लगने लगा है. बच्चे मोबाइल की लत के शिकार हो रहे हैं. माताओं से मेरा निवेदन है कि बच्चों को फास्टफूड से दूर रखें. घर का बना हुआ पौष्टिक खाना खिलाए, जिससे बच्चों का बेहतर शारीरिक और मानसिक विकास हो सके. मैदा के बने फास्टफूड बच्चों की सेहत को बिगाड़ रहे हैं. आपका पेट कोई डस्टबीन नहीं है. मेरी माँ कोयले की सिगड़ी पर पराठे बनाकर खिलाती थी और हम खूब खाते भी थे, क्योंकि दिनभर साइकिल चलाते थे तो एक्सरसाइज हो जाती थी, जिससे अच्छी भूख लगती थी. आजकल बच्चों की जिदगी से व्यायाम शब्द निकल गया है. उन्होंने बच्चों के संस्कारों के सम्बंध में कहा कि मेरी माँ रामचरित मानस के 10 दोहे सुनाने पर दूध देती थी और 10 दोहे सुनाने पर ही भोजन देती थी.

रात में रामचरित मानस का पाठ अर्थ सहित पढ़ना अनिवार्य था, जिससे श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतार सकें. आजकल के सीरियल विकृति फैला रहे हैं. इसलिए बच्चों को बगीचों में भेजे, जिससे वह व्यायाम करने के साथ-साथ उनका सामाजिक दायरा भी बढ़ेगा. आजकल के बच्चों का दोस्त मोबाइल है। इस दोस्त से दूरी बनाए और सुबह उठकर व्यायाम करें, जिससे दिनभर ऊर्जावान रहेंगे.



### सफाई मित्रों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम का आयोजन शिक्षक नगर के स्वर्गीय गोपाल मालू उद्यान में किया गया था. इस अवसर पर इंदौर को आठवी बार स्वच्छता का सिरमौर बनाने पर वार्ड 4 के समस्त महिला सफाई मित्रों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया और उपहार स्वरूप उनको साड़ी भेंट की गई. अपने परिश्रम का सम्मान मिलने पर सफाई मित्रो ने प्रसन्नता का इजहार किया. कार्यक्रम में मुख्यरूप से महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे.

# भाजपा ने भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बना लिया : सिंघार

- 70 लाख कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज किए भाजपा ने

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** प्रदेश में भ्रष्टाचार हो या महिला अत्याचार, आदिवासियों की जमीन छीनना, पिछड़ा वर्ग हो अथवा युवाओं को नौकरी नहीं है. इसके बावजूद सरकार विकास की बात कर रही है. वास्तव में मध्यप्रदेश में इवेंट की सरकार हो गई है. जनता के धन का बेवजह दुरुपयोग किया जा रहा है.



यह बात नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आज मीडिया से चर्चा में कही. नेता प्रतिपक्ष सिंगार ने कहा कि जनता भी ऐसे मुद्दों को उठाएं, कांग्रेस उनके साथ है. हम तो विधानसभा और सड़कों पर उतरकर विरोध कर रहे है. भाजपा के भ्रष्टाचार, जनविरोधी नीतियों और घोटालों को लेकर चर्चा और रणनीति बनाई जाएगी. इसलिए मांडू में दो दिवसीय नव संकल्प शिविर आयोजित किया है. यह शिविर एआईसीसी के निर्देश पर हो रहा है. शिविर में भाजपा के भ्रष्टाचार से जनता को मुक्ति दिलाना और भाजपा की पोल खोल कर 2028 के चुनाव में कांग्रेस सरकार बनाने तक विचार विमर्श और रणनीति तय होगी. शिविर में सरकार को कैसे घेरे और मुद्दों को कैसे उठाएं, कैसे समस्याओं को लेकर चिंतन और मनन कर दूर करे, इस पर भी बात होगी. नेता प्रतिपक्ष सिंगार ने कहा कि भाजपा पचमढ़ी में, तो कही इंदौर में चिंतन शिविर कर रही है और उसकी आड़ में भ्रष्टाचार कर रही है. भाजपा ने भ्रष्टाचार को ही शिष्टाचार बना लिया है. आज देश और प्रदेश में 70 लाख कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित सभी विपक्षी दलों के नेताओं और कार्यकर्ता पर झूठे मुकदमे दर्ज कर लिए गए है. राहुल गांधी ने कहा कि रॉबर्ट वाड्रा को परेशान कर रहे हैं. छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लड़के उठा लिया है. भारतीय दण्ड विधान की धारा 107 और 151 का पुलिस दुरुपयोग कर प्रकरण दर्ज कर रही है. जल जीवन मिशन में करोड़ों का भ्रष्टाचार हुआ है, उस पर भाजपा और मुख्यमंत्री चर्चा नहीं करते है. मैंने परिवहन घोटाले के मय दस्तावेज सबूत दिए है. दिल्ली में 20 - 20 करोड़ के बंगले के रजिस्ट्रियां दी। क्या हुआ कोई जांच नहीं कोई प्रकरण दर्ज नहीं हुआ.

### 90 डिग्री के मोड़ वाले ब्रिज बने विपक्ष का मुद्दा

भोपाल और इंदौर में पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित किए जा रहे 90 डिग्री के ब्रिज निर्माण अब विपक्ष का मुद्दा बन गए है. आज नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार और पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने आरोप लगाया कि 90 डिग्री का मोड भाजपा के भ्रष्टाचार का सीधा रास्ता है. नेताद्वय ने कैलाश विजयवर्गीय के ब्रिज निर्माण जांच पर सवाल उठाए कि जब ब्रिज बेड रहे थे तब सो रहे थे क्या? अब ब्रिज बन गए या आकर ले चुके हैं तब जाग रहे हैं. वर्मा ने कहा कि जब सब बिगड़ जाता है, तब विजयवर्गीय पहुंचते हैं. दोनों नेताओं ने कहा कि यह नेताओं और अधिकारियों का मिलजुला भ्रष्टाचार का कारनामा है. इसको आगामी विधानसभा सत्र में पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा.



भोपाल की तर्ज पर इंदौर में भी 90 डिग्री का बन रहा ब्रिज!

पीडब्ल्यूडी इंजीनियरों का कारनामा, आईडीए द्वारा बनाई सड़क पर ठोक डाले ब्रिज के पीलर

### वरिष्ठ नेता टिप्स देंगे

उन्होंने कहा कि मांडू शिविर में भाजपा की फफूंद को कैसे दूर करें? इसको लेकर संकल्प शिविर आयोजित किया जा रहा है. शिविर में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी सही कई नेता वर्चुअल बात करेंगे. साथ ही राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा, सुप्रिया श्रीनेत, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, अजय माकन, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारीसहित सभी वरिष्ठ नेता विधायकों को मुद्दों को सोशल मीडिया से लाकर जनता के बीच ले जाने तक अलग अलग सेशन में टिप्स देंगे. इसके बाद प्रदेश में भाजपा की दादागिरी और तानाशाही को दूर करेंगे. उन्होंने कहा कि इंदौर में 5 किलोमीटर ड्रेनेज लाइन एक रात में डाल दी जाती है. जनता को मालूम ही नहीं पड़ता. मध्यप्रदेश सहित इंदौर कई सड़कें दुबारा या ज्यादा बार बनाने का मामला सामने आया है. पश्चिम क्षेत्र बिजली कंपनी के घोटाले का उठा रहे है. दस्तावेज सबूत है. सब सामने लाएंगे.



## शैल्बी अस्पताल में अत्याधुनिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी संस्थान का शुभारंभ

**इंदौर .** स्वच्छता और आधुनिकता के मामले में विख्यात देश के नंबर वन शहर इंदौर में प्रदेश का अत्याधुनिक पेट, लिवर एवं पेनक्रियास से सम्बंधित संस्थान की सौगात शैल्बी अस्पताल ने दी है . शैल्बी इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में डिपार्टमेंट ऑफ़ क्लीनिकल हेपेटाइटिस ट्रांसप्लांट हेपेटोलॉजी, न्यूरो गैस्ट्रो इंट्रोलॉजी, एडवांस थेरेपिक, एंडोस्कोपी सहित इस संस्थान में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ एक साथ बैठकर मरीजों को नवीनतम उपचार उपलब्ध कराएंगे .

शैल्बी हॉस्पिटल के एमपी क्लस्टर हेड डॉ . अनुरेश जैन और मेडिकल सुप्रिटेंडेंट डॉ . विवेक जोशी ने अवगत कराया कि भविष्य में यहां पर इन्हीं विभागों में विशेषज्ञों के लिए प्रशिक्षण सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी .

यहां लीवर सिरोसेस, पीलिया, पेट में पानी भरना, खून की उल्टियाँ होना, दस्त के साथ खून जाना, पित्त की थैली एवं पित्त की नली में पथरी का होना, लंबे समय से कब्ज का होना, लिवर फैलियर, पेट व आंतों के छाले, शराब से होने वाली पेट एवं लीवर की समस्त बीमारियों के अलावा फैटी लिवर, पैंक्रियाटाइटीस सहित लिवर से जुड़ी अन्य गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए इंदौर में पहली बार शैल्बी अस्पताल में अलग-अलग विभागों की स्थापना की गई है . शैल्बी इंस्टिट्यूट ऑफ़ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के निर्देशक डॉक्टर अजय कुमार जैन बताते हैं कि हमारा उद्देश्य है कि शहर के इस प्रतिष्ठित संस्थान को देश के सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा संस्थानों की श्रेणी में खड़ा कर भविष्य में इससे जुड़ी समस्त आधुनिक उपचार पद्धतियां उपलब्ध कराई जाएगी .



## संयोगितागंज माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा उमा महेश गठबंधन का आयोजन 23 जुलाई को

**इंदौर. माहेश्वरी महिला संगठन संयोगितागंज द्वारा श्रावण मास के अवसर पर भगवान शिव पार्वती का विवाह उमा महेश गठबंधन के नाम से मनाया जा रहा है. आयोजन 23 जुलाई को नवलखा स्थित माहेश्वरी भवन पर होगा.**

संस्था की अध्यक्ष नीलम काबरा एवं मंत्री अर्चना भूतड़ा ने बताया कि शिव पार्वती का यह अनूठा विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा. 23 जुलाई बुधवार को प्रात: 8 बजे से महारुद्राभिषेक के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी. समन्वयक अर्चना लाहोटी एवं साधना मंडोवरा ने बताया कि दोपहर 12.30 बजे से हल्दी-मेहंदी उत्सव का आयोजन होगा तथा दोपहर ही साढे तीन बजे कांटाफोड़ मंदिर प्रांगण से शिव बारात निकलेगी. शिव बारात का जगह-जगह भव्य स्वागत किया जाएगा. बारात 5 बजे महेश्वरी भवन पहुंचेगी जहां मानस मर्मज्ञ पंडित श्यामस्वरूप मनावत अपनी अमृतवाणी में वरमाला, मंगलाष्टक एवं विवाह संबंधी आयोजन संपन्न करेंगे.

दौरा | डोर टू डोर संग्रहण, राजशाही जीटीएस

# स्वच्छता मॉडल देखने उत्तर प्रदेश अर्बन सेक्रेटरी आए इंदौर

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज सुबह स्वच्छता सुपर लीग में सिरमौर बनने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के अर्बन सेक्रेट्री स्वच्छता मॉडल का अवलोकन करने इंदौर आए. इस दौरान उन्होंने डोर टू डोर कचरा संग्रहण, कचरा ट्रांफोर्मेशन स्टेशन, ट्रेंचिंग ग्राउंड प्रोसेसिंग प्लांट और सिटी बस ऑफिस स्थित आईसीसीसी कमांड सेंटर पर जीपीएस सिस्टम से कचरा कलेक्शन की निगरानी करने की जानकारी ली.**

उत्तर प्रदेश सरकार के अर्बन सेक्रेट्री अनुज कुमार झा अर्बन ने आज इंदौर के वार्ड क्रमांक 48 में मिश्र नगर डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य का अवलोकन किया. झा ने देखा कि किस प्रकार से निगम के वाहन डोर टू डोर कचरा लेने कॉलोनी में आते हैं. कॉलोनी के रहवासी अपने घर से निकले कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में सेग्रीगेट रखे हुए कचरे को वाहन के अलग-अलग भाग में डालते है. इस दौरान झा ने रहवासियों से कचरा सेग्रीगेशन के संबंध में चर्चा की. इसके बाद अर्बन सेक्रेटरी झा ने कंचनबाग में राजशाही कचरा ट्रांसफर स्टेशन का अवलोकन किया. अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने उन्हें बताया कि इंदौर में अलग-अलग क्षेत्र में जीटीएस का निर्माण किया गया है. राजशाही जीटीएस इंदौर के मध्य क्षेत्र और कॉलोनी के पास स्थित होने के बाद भी रहवासियों को कोई समस्या नहीं है. स्टेशन पर कचरा संग्रहण वाहन के माध्यम से एकत्रित कचरे को लाया जाता है. फिर गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग कर ट्रेंचिंग ग्राउंड प्रोसेसिंग प्लांट पर भेजते है.



### कमांड सेंटर और प्रोसेसिंग प्लांट का दौरा किया

अर्बन सेक्रेटरी झा सिटी बस ऑफिस स्थित आईसीसीसी कमांड सेंटर को भी देखा . उन्होंने समझा कि इंदौर में कचरा संग्रहण वाहन एवं अन्य वाहनों की जीपीएस के माध्यम से कैसे मॉनिटरिंग की जाती है . झा ने देव गुराडिया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में प्रोसेसिंग प्लांट एवं बायो गैस प्लांट का दौरा कर जाना कि किस तरह कचरे से खाद और गैस बनाई जा रही है . उत्तर प्रदेश सरकार अर्बन सेक्रेट्री झा ने शहर के सफाई मॉडल को देखकर प्रभावित हुए, उन्होंने सफाई की प्रशंसा की। उनके साथ आयुक्त शिवम वर्मा, अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी अखिलेश उपाध्याय एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।